# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक 13.06.2024**

**थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई मोबाईल लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 01 लूटेरा गिरफ्तार, कब्जे से लूटा गया मोबाईल बरामदः-**

ज्ञात हो कि दिनांक 13.05.2024 को गुलशेर पुत्र अनवर निवासी ग्राम जमालपुर थाना झिंझाना जनपद शामली के पुत्र सादिक से मोटर साईकिल सवार अज्ञात युवको द्वारा मोबाईल छीन लेने के सम्बन्ध में थाना कैराना पर सूचना गयी थी। पीडित के परिजन की तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा टीमों का गठन किया गया था।

इसी क्रम में दिनांक 12.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा चलाये जा रहे चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई मोबाईल लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 01 लूटेरो को लूटे गये मोबाईल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के अन्य साथी की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गयी है, शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.तौसिफ उर्फ तौसिक पुत्र जाहिद निवासी ग्राम बराला थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.लूटा गया मोबाइल सैमसंग A13

**अपराधिक इतिहास अभियुक्त तौसिफ उर्फ तौसिक उपरोक्तः-**

1.मु0अ0स0 261/24 धारा 392/411 भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

2.मु0अ0स0 75/24 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।

3.मु0अ0स0 589/19 धारा 392/411 भादवि थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।

**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध गांजा बरामदः-**

आज दिनांक 13.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर को 02 किलो 14 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.कृष्ण पुत्र बलजीत निवासी ग्राम मंगलौरा थाना मधुबन जिला करनाल हरियाणा।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 02 किलो 14 ग्राम गांजा।

**थाना आदर्श मंडी पुलिस द्वारा 01 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाईकिल व अवैध चाकू बरामदः-**

आज दिनांक 13.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना आदर्श मंडी पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान 01 वाहन चोर को चोरी की 01 मोटर साईकिल व अवैध चाकू सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्श मंडी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.खालिद पुत्र कय्यूम निवासी कस्बा जलालाबाद थाना थानाभवन जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.चोरी की मोटर साईकिल हीरो होण्डा स्पलैण्डर प्लस (बिना नम्बर प्लेट)।

2.एक अवैध चाकू।

**<u>थाना झिंझाना व थाना बाबरी पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 05 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>**

आज दिनांक 13.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना झिंझाना व थाना बाबरी पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 05 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में थाना झिंझाना व थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.राजपाल पुत्र हरिकृष्ण निवासी ग्राम सेवापुर थाना झिँझाना जनपद शामली।

2.रविन्द्र उर्फ शेर पुत्र सूरजमल निवासी ग्राम सेवापुर थाना झिंझाना जनपद शामली।

3.वासिद पुत्र शौकत निवासी ग्राम टपराना थाना झिंझाना जनपद शामली।

4.अमित पुत्र लाला उर्फ प्रकाश निवासी ग्राम हिरणवाडा थाना बाबरी जनपद शामली।

5.मनोज पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम हिरणवाडा थाना बाबरी जनपद शामली।

**<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>**